# VISION IAS

www.visionias.in

## GENERAL STUDIES (TEST CODE : 1411)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Name of Candidate | ANKIT KUMAR JAIN | | |
| Medium Eng./Hindi | HINDI | Registration Number | 649298 |
| Center | JAIPUR | Date | 12 Dec. 2020 |

### INDEX TABLE

| Q. No. | Maximum Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|
| 1 | 10 | |
| 2 | 10 | |
| 3 | 10 | |
| 4 | 10 | |
| 5 | 10 | |
| 6 | 10 | |
| 7 | 10 | |
| 8 | 10 | |
| 9 | 10 | |
| 10 | 10 | |
| 11 | 15 | |
| 12 | 15 | |
| 13 | 15 | |
| 14 | 15 | |
| 15 | 15 | |
| 16 | 15 | |
| 17 | 15 | |
| 18 | 15 | |
| 19 | 15 | |
| 20 | 15 | |

Total Marks Obtained:

Remarks:

### INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
2. There are **TWENTY** questions printed in **ENGLISH**
3. **All questions are compulsory.**
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.


**16-B, 2nd Floor, Above National Trust Building, Bada Bazar Marg, Old Rajinder Nagar, Delhi-110060**

**Plot No. 857, 1st Floor, Banda Bahadur Marg (Opp Punjab & Sindh Bank), Dr. Mukherjee Nagar Delhi- 110009**

## EVALUATION INDICATORS

1. Contextual Competence
2. Content Competence
3. Language Competence
4. Introduction Competence
5. Structure - Presentation Competence
6. Conclusion Competence

Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:

1.

2.

3.

4.

5.

6.

**All the Best**

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

1. Why are shell companies seen as attractive vehicles for those seeking to launder money or conduct illicit activity? Highlight some steps that have been taken by the government in recent times to curb shell companies in India. (150 words) 10

शैल कंपनियां : वे कंपनिया जिन्हे अवैध धन (ब्लैक मनी) को सफेद धन मे परिवर्तित करने के लिए बनाया जाता है।

→ यह कंपनी अधि॰ 2013 से गठित होती है।

→ यह बहुत ही कम मात्रा मे व्यापार मे सक्रिय होती है।

→ यह अपनी संपत्ति की तुलना मे अल्प व्यापार करती है।

→ कई बार यह अवैध नाम व पते पर भी संचालित होती है

इन्ही कारणो से जब मनी लॉन्ड्रिंग की जाती है तो उस दौरान धन का एक खाते से दूसरे खाते मे लेयरिंग मे तथा एकत्रीकरण (collecting) मे इनका उपयोग कर लिया जाता है।

इन्हे आसानी से पता करना बहुत ही जटिल कार्य है, क्योंकि

Don't write anything this margin (इस भाग्य में कुछ ना लिखें)

1. यह निवेश का बड़ा स्रोत है, भारत जैसे विकासशील देश मे।
2. यह नियमों के अनुरूप बनी होती है बाहरी ढाँचे मे।
3. गुप्त आसूचना तंत्र का असक्रिय होना आदि।

हाल ही मे 2017 मे सरकार द्वारा RBI, CBI, CBDT और ED ने मिलकर एक टास्क फोर्स का गठन किया है।
→ शेल कंपनी को पता करने हेतु ऑडिटिंग को मजबूत बनाया है।
→ Finance Intelligence Unit (FIU) को अधिक संसाधन उपलब्ध कराया है।
→ Company Act, 2013 मे विशेष प्रावधान जोड़े है।
→ Money laundring Prevention Act में कर्ता (Actor) के साथ-साथ सलाहकार (जैसे-वकील, CA. आदि) को भी आरोपी बनाया है।

वित्तीय प्रशासन को प्रभावी बनाए रखने हेतु आवश्यक है कि शेल कंपनियों द्वारा की जा रही मनी लॉन्ड्रिंग को रोके तथा आन्तरिक सुरक्षा को मजबूत किया जाए।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**2.** What is SMART policing? Highlight the reforms required in the current system to realize this vision. **(150 words) 10**

S — Sensetive, Strict
M — Modern, Mobile
A — Active, Alert
R — Reliable, Responsive
T — Tech savvy and Trained

प्रधानमंत्री ने 2015 मे पुलिस महानिदेशको के सम्मेलन मे पुलिस सुधारो पर बल देते हुए SMART Policing पर बल दिया।

→ पुलिस के परंपरागत रूप को बदलकर जनता की पुलिस बनाना

→ तकनीक से जुड़कर होने वाले अपराधो से (IT) निपटने मे सक्षम बनाना।

→ सूचनाओ का समन्वय करना

→ आमजन मे विश्वास
— अपराधियो मे भय

→ संवेदनशील तथा सुभेद्य वर्गो के हितो की रक्षा करना
- → महिला, बच्चे वृद्ध
- → SC ST
- → अल्पसंख्यक

→ अपराधो की जाँच से लेकर अभियोजन व जेल तक आधुनिकीकरण।

~~सुधार~~

**आवश्यक सुधार**


1. पुलिस अधि., 1860 मे बदलाव।
2. IPC, 1860 मे बदलाव
3. Investigative Police और Patroling Police मे विभेदन करना
4. पुलिस मे राजनीतिक हस्तक्षेप कम करना
5. पुलिस बल को संसाधन देना
   - हथियार
   - गाड़ी
   - सुविधा
     - └ आवास, पेयजल,
   - ट्रेनिंग
   - कार्यालय
6. सोली सोराबजी समिति द्वारा गठित कानून (2006) पुलिस अधि. लागू करना।
   └→ Model Police Act
7. पुलिस आयोग बनाना।
8. पुलिस शिकायत निवारण तंत्र बनाना।

पुलिस राज्य सूची का विषय है अलग-अलग राज्यो मे कार्य तो किया है परन्तु प्रभावी रूप से नही हुआ है, पश्चिमी देशो की पुलिस के आधार पर Human Police (मानव पुलिस) की अवधारणा विकसित होनी चाहिए।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. Giving a brief account of the Bodoland dispute, discuss the key aspects of the third Bodo Peace Accord. **(150 words) 10**

बोडोलैण्ड, असम का क्षेत्र है जिसमे कोकराझार, सोनितपुर जैसे जिले शामिल है। यहा का प्रशासन बोडोलैण्ड क्षेत्रीय जिला समिति (BTAD) देखती है




विवाद

बोडो जनजाति बहुल क्षेत्र मे बाहरी लोगो के प्रवेश से सम्बन्धित। 1951 से बाद मे बसे लोगो को बाहरी घोषित करना। ताकि जनसांख्यिकी परिवर्तन न हो और सांस्कृतिक सामाजिक परिवेश को बचाया जा सके।

→ बोडोलैण्ड के उग्रवादी समूह ने इसे सांप्रदायिक रंग दिया परन्तु सरकारी प्रयासो से वर्तमान मे शान्ति वार्ता जारी है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

## तृतीय बोडोलैण्ड शांति समझौता, 2015


→ बोडोलैण्ड मे Area Council को विशेष पैकेज दिया जाएगा।
→ बोडो भाषा को असम की प्रशासनिक भाषा मे शामिल करना
→ सांस्कृतिक सुरक्षा
→ बोडो क्षेत्र मे शिक्षा → बोडो भाषा मे
→ उग्रवाद के दौरान मारे गए लोगो को विशेष सहायता
→ मुख्य धारा मे शामिल करना
→ बोडो जनजाति को skills & entrepreneurship की training देना।

बोडोलैण्ड समझौता, 2015 ने उत्तर पूर्वी भारत मे शांति का नया द्वार खोला है। स्वयं गृहमंत्री ने इसको पूर्वोत्तर के नए उदय के तौर पर देखा है जिससे अन्य उग्रवादी दल भी सरकार से वार्ता की ओर उन्मुख हुए है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. What is 'dark net'? How does it pose a security challenge for India?
(150 words) 10

डार्क नेट




जब सामान्य वेबसाइट से एक्सेस द्वारा इन्टरनेट पर संपर्क न करके विशेष सुरक्षित (layered web) का प्रयोग करते है, उसे Dark Net कहते है।

→ यह बाहरी नेटवर्क का 80 गुना बताया जाता है।

→ इसे अमेरिकन नेवल डिफेंस ने खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान हेतु बनाया।

→ इसे ONION ROUTE BROWSE से operate करते है जो Multi Layer (प्याज की तरह होता है)

→ इसका उपयोग अवैध व्यापार, हवाला कारोबार पोर्न ट्रैफिकिंग, Child-Women trafficking आतंकी गतिविधियों, मे किया जाता है।
+ वन्य जीवो का व्यापार

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

हाल ही मे उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस मे एक विशेष सेल का गठन किया है जो डार्क नेट पर होने वाली गतिविधियो पर नजर बनाए रखेगी।

**चुनौती**

- इसे पकड़ना अत्यन्त कठिन है
- आतंकी गतिविधियो के वित्तपोषण तथा रेडिकलाइजेशन का माध्यम
- ट्रेन्ड व सक्षम पुलिस बल की कमी।
- अवैध व्यापार होने से सामान्य प्रशासन की चुनौती।
- सामाजिक मूल्यो मे गिरावट
- भय व आतंक का माहौल
- कानून व्यवस्था की चुनौती

तकनीक के विकास से डार्क नेट जैसी चुनौतियो ने पुलिस व सुरक्षा बलो के मध्य नई चुनौती पैदा की है जिसे रोकने हेतु विशेष रणनीति (केन्द्र, राज्य व जिला स्तर) पर बनाकर अपराधियो पर लगाम लगाने की जरूरत है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

5. Given the duties and functions of the Chief of Defence Staff (CDS), discuss why its establishment is being seen as an important defence reform.
(150 words) 10

प्रधानमंत्री जी ने 2019 के स्वतंत्रता दिवस समारोह पर लाल किले से 'चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ' के पद सृजन की घोषणा की है

कर्तव्य व कार्य

→ 1999 में गठित (कारगिल रिव्यू समिति ने इसकी अनुशंसा की थी।

→ तीनो सेनाओ मे सम-वय की आवश्यकता की पूर्ति।

→ Dept. of Milliatry Affairs का सचिव.

→ सेना का आधुनिकीकरण

→ Tricommand service की आवश्यकता को बल।

→ सैन्य सलाहकार की भूमिका

→ सैन्य खरीद को तीनो सेनाओ मे उचित रूप से वितरित करेगा।

→ सैन्य मसलो पर नागरिक सेवाओ के अधिकारियो अतिरिक्त सैन्य अधिकारियों का भी दृष्टिकोण महत्वपूर्ण रहेगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

सुधार के रूप में

→ ध्यातव्य है कि भारतीय सेना विश्व की सबसे बड़ी सेनाओ में से एक है; तथा विश्व मे हम सबसे बड़े हथियार आयातक राष्ट्र है।

अतः सेनाओ पर बढ़ते खर्च का सुनियोजीकरण आवश्यक है जो कि तीनो सेनाओ के समन्वय से ही सम्भव है।

→ 2025 तक सैन्य बलो का आधुनिकीकरण व सैन्य आपूर्ति मे आत्मनिर्भरीकरण होना।

→ चीन, पाकिस्तान जैसे राष्ट्रो से मिलती चुनौती व हिन्द महासागर का बढ़ता सैन्यीकरण की दिशा मे एकीकृत रक्षा सेवा।

→

CDS का पद न केवल रक्षासेवा के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि आर्थिक संसाधनो व भविष्य की चुनौतियों (जैसे साइबर वार, स्पेस वार आदि) मे भी एकीकरण व समन्वय को मजबूत बनाएगा तथा महत्वपूर्ण रक्षा सुधारो मे इसे गिना जाएगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

6. Data Protection is not just a privacy issue, it is also a national security issue. Discuss. (150 words) 10

Data Protection : हमारे द्वारा की जाने वाली दिन-प्रतिदिन की गतिविधियो के द्वारा उत्पन्न डाटा का संरक्षण ही Data Protection है।

~~क्योंकि Data~~

आवश्यकता ?

1. अधिकांश कंपनिया विदेशी है जो हमारे Data को बेच सकती है।
2. इस Data का उपयोग विदेशी खुफिया ऐजेंसिया द्वारा खरीदा अथवा चुराया जा सकता है
3. निजी जीवन से जुड़े विषयो को उजागर करके सामाजिक प्रतिष्ठा को कमजोर कर सकता है
4. Data का Manipulation करके चुनाव, व्यवसाय आदि मे गलत तरीके से उपयोग कर सकते है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

चुनौतियां

1. डिजिटल कंपनियों की Physical Presence न होकर Digital Presence होना।
2. सशक्त लॉबी व अन्तर्राष्ट्रीय दबाव
3. एक राय का न होना
4. कंपनियों पर अतिरिक्त भार का बढ़ना जिससे वे व्यवसाय बंद कर सकती है
5. राष्ट्रीय सुरक्षा

हाल ही में सरकार ने डाटा सुरक्षा के मद्देनजर चीन के सैकड़ो एप्प्स को बैन कर दिया है। हालांकि डाटा संरक्षण बिल अभी सरकार द्वारा विचाराधीन है जिसे जल्द से जल्द स्वीकृत करने की आवश्यकता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

7. Highlighting the role of the National Security Guard in India, discuss the issues associated with this force. What are the reforms required in this regard? **(150 words) 10**

राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड भारत के ब्लैक कैट कमांडोज है जिन्हे गणतंत्र दिवस की परेड मे विशेष परेड करते हुए देखा जा सकता है

**कार्य**

- विशेष व्यक्तियो को सुरक्षा (Z+ या अतिथि)
- विशेष समारोह मे सुरक्षा
- आतंकी गतिविधियो के विरुद्ध सभी सशस्त्र ऑपरेशन्स मे सक्षम
- विमान अपहरण, फिरौती आदि मे विशेष प्रशिक्षण प्राप्त

**गठन** — पुलिस बल + अर्ध सैन्य बलो से विशेष चयनित कमांडोज को विशेष प्रशिक्षण देकर

→ मुंबई हमला, 2007 मे NSG ने ही ऑपरेशन करके आतंकियो को समाप्त किया।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

सुधार

↳ ~~विशेष केन्द्र~~ मुख्यालय : नोएडा के अतिरिक्त विशेष स्थानों पर भी इन्हें स्थायी नियुक्त किया जाए।
(जैसे – कोलकाता, मुंबई, बैंगलोर, नागपुर, रायपुर etc)
ताकि आपरेशंस यथाशीघ्र किए जा सके।

→ विशेष कैडर की स्थापना हो।

→ special package हो।

NSG भारतीय सुरक्षा बलों में एक विशेष सम्मान का स्थान रखती है। जो सुरक्षा के साथ-साथ गर्वानुभूति राष्ट्रवासियों में उत्पन्न करती है।

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

8. Highlighting the key changes made by the National Investigation Agency (Amendment) Act, 2019, discuss the objections that have been raised against these. (150 words) 10

मुंबई हमले के पश्चात् आतंकी गतिविधियों की जाँच हेतु विशेष अधिकरण राष्ट्रीय अन्वेषण अधिकरण (NIA) का गठन किया गया।

NIA Amendment Act 2019

- NIA को भारतीय भूमि के अतिरिक्त विदेशी भूमि पर भी जाँच का अधिकार
- NIA कोर्ट को हाइकोर्ट से सहमति लेकर स्थायी रूप से चलाना।
- अभियोजन हेतु राज्य पुलिस की सहमति की आवश्यकता नहीं।
  इसे इंसपेक्टर लेवल का अधिकारी कर सकेगा।
- आतंकियों की संपत्ति अटैच करने हेतु स्थानीय पुलिस की अनुमति लेना अनिवार्य नहीं।

आपत्तियां

↳ यह NIA को अत्यधिक अधिकार प्रदान करता है जो इसके दुरुपयोग की सम्भावना को बढ़ा सकता है।

↳ पहले से ही भारत में न्यायिक अधिकारियों की कमी है, ~~सकारात्मक~~ स्थायी अदालत से अधिकारियों को भेजना पड़ेगा जबकि इसके लिए विशेष भर्ती की व्यवस्था नहीं की है।


↳ विदेशी सरकारों से अनुमति के बाद ही इसकी जाँच हो सकेगी, विदेशी भूमि पर अन्यथा नहीं।

NIA जैसी प्रोफेशनल एवं कॉम्पीटेन्ट संस्था पर शक करना बेमानी है, राज्य-केन्द्र समन्वय करके इसे और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।


Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

9. Subsequent to the 26/11 Mumbai attacks, the coastal security arrangement has been thoroughly reviewed by the Government of India. Comment. **(150 words) 10**

26/11 मुम्बई हमला हो या मुम्बई मे 1993 के बम विस्फोट ~~क~~ इन सबने तटीय सुरक्षा पर प्रश्न खड़े किए है मगर सरकार ने वर्तमान मे इसके प्रारूप मे बड़ा बदलाव किया है।




चूंकि भारतीय तटीय सीमा 3000 km लम्बी है तो इससे जुड़ी चुनौतियाँ भी है।



अन्तर्राष्ट्रीय
ex हिन्दमहासागर

**महत्व**

- सामरिक महत्व (पाकिस्तान व बांग्लादेश)
- आर्थिक केन्द्रों की सुरक्षा (मुम्बई, चेन्नै, कोलकाता) मंगलौर विशाखापट्नम मे
- आर्थिक संसाधन ex मछली, मुम्बई हाई मे शामिल

**Steps**

(क) ICG को अधिक सशक्त किया है उन्हे पैट्रोलिंग वैसल उपलब्ध कराए है।

(ख) 50km की दूरी पर तटीय थाना खोला है

(ग) सोनार व राडार सिस्टम लगाया है विशेष क्षेत्रो मे

(घ) मछुआरो को आइडी व सैटेलाइट फोन से जोड़ा है।

(ङ) INCOIS, हैदराबाद व नौसेना ने समुद्री गतिविधि पर नजर रखने हेतु विशेष केन्द्र बनाया है। → गुड़गांव मे।

समुद्री व्यापार भारत की रीढ़ की हड्डी है अतः समुद्री सुरक्षा व हिन्द महासागर का उचित उपयोग भारत की शक्ति व अर्थव्यवस्था मे वृद्धि करेगा

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

10. Non-state actors are significant conduits in many important national security challenges faced by India. Explain with examples. **(150 words) 10**


गैर राज्य अभिकर्ता :

जब आतंकी अथवा अलगाववादी गतिविधियाँ किसी अन्य राष्ट्र की सत्ता द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर न जुड़ा हो तो उसे प्रकार की गतिविधियों को Non State Actor Activities तथा इसके कर्मकार Non State Actor कहलाते है

भारत के सम्मुख Non State Actors द्वारा चुनौतियाँ

1. उत्तर-पूर्वी राज्यो के उग्रवादी समूह
   Ex. उल्फा, NSCN (IM) या NSCN खापलांग
2. नक्सली समूह CPI- माओवादी
   CPI - ML
3. मनी लॉन्ड्रिंग
4. रेडिकलाइज्ड ऑर्गनाइजेशन
   Ex. सिमी, इंडियन मुजाहिदीन
5. भाषायी, नृजातीय समूह
6.

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)




~~निष्कर्ष~~

वैसे तो कोई भी हिंसक गतिविधि लंबे समय तक बिना किसी प्रायोजक के चल पाना असंभव है हथियार, धन प्रशिक्षण जैसी सहायता के बिना किसी राज्य पुलिस व सैन्य बलो के सामने टिक पाना असंभव है

नक्सल समूह द्वारा फैलाए तिरुपति से पशुपति कॉरिडोर मे भी चीन व नेपाली माओवादी संगठनो की भूमिका सामने आई है उत्तरपूर्वी समूहों मे म्यांमार तथा चीन की भूमिका तो जम्मूकश्मीर मे पाक की नापाक भूमिका उजागर हुई है अतः सक्रिय कार्यवाही से ही इन गतिविधियो को रोककर सामाजिक आर्थिक गतिविधियो को बढ़ाकर सुशासन स्थापित किया जा सकता है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**11.** Incidents of naxal violence and its resultant deaths have been reducing consistently in the past few years. In this context, give an account of the multi-pronged approach that has been followed by the central and state governments for combating naxalism. **(250 words) 15**

केन्द्र सरकार द्वारा ~~2019 में~~ संसद में प्रस्तुत आंकडों के मुताबिक 2017 में 36 प्रतिशत तथा 2018 में 12 प्रतिशत नक्सली हिंसा में कमी आई है।

सरकार द्वारा अपनायी रणनीति

सुरक्षा ← साथ - साथ → विकास | संवाद

S – Smart leadership
A – Aggrasive Streategy
M – Motivation and Training
A – Actionable intelligence
D – Dashboard based KPI's
H – Harness Technology
A – Action plan for Each Threat
N – No Money for Action

गृह मंत्रालय की समाधान रणनीति ने सुरक्षा तंत्र को नया

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

स्वरूप दिया है

→ स्थानीय पुलिस को मुख्य भूमिका तथा CRPF व BSF को सहायक भूमिका मे रखा है

→ स्थानीय संस्कृति तथा भौगोलिक पैटर्न को पहचाना गया है जिसकी Mapping करके सुरक्षा बलो को उसका Access दिया है

→ local intelligence को बढ़ावा दिया है, पुलिस मे स्थानीय युवाओ को जोड़ा है।

→ Communication पर जोर दिया है People to Police और Police to People पर।

→ उच्च स्तरीय निगरानी PMO, Home Ministry और CMO से।

विकास

↳ योजना आयोग द्वारा बनायी गयी रणनीति मे सुधार करके

→ आधारभूत संरचनाओ के विकास पर जोर।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

→ समावेशी विकास व संसाधनो के उचित वितरण पर जोर

→ जल - जंगल - जमीन पर आदिवासियो का अधिकार

↳ वन अधिकार अधि. , 2006

↳ ट्राइफेड द्वारा संचालित वनधन विकास कार्यक्रम

→ ~~ट्रेनिंग व~~ स्किल डेवलपमेन्ट हेतु रोशनी कार्यक्रम

→ शिक्षा संस्थाओ व ओपेन लर्निंग की शुरुआत ; रेडियो से शिक्षा (इस क्षेत्र मे)

→ बेहतर सरेण्डर पॉलिसी

→ रोजगार से जोड़ना व योजनाओ का उचित क्रियान्वयन

नक्सल कॉरिडोर ने लम्बे समय तक देश के संसाधनो को क्षति किया है ; आवश्यकता है कि संवाद स्थापित करके दीर्घकालीन विकास के साथ उन्हे विकास की मुख्यधारा मे जोड़ा जाए जिसमे सरेण्डर पॉलिसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है

12. With increasing incidents of cyber attacks, it is imperative that India takes urgent steps to address the cyber security challenges that it currently faces. Discuss. **(250 words) 15**

ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी इंडेक्स, 2017 मे भारत की रैंक 23वी तथा 2018 मे 47वीं हो गई जो साइबर स्पेस से जुड़ी चिंताओ को बताता है।

**आवश्यकता**
- साइबर स्पेस सुरक्षित रखने हेतु
- आर्थिक नुकसानो को कम करने हेतु
- नागरिक हितो की सुरक्षा हेतु
- डिजिटल व्यवस्था मे जनविश्वसनीयता बढ़ाने हेतु

**हालियाँ घटनाएँ**

1. तमिलनाडु के कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट मे साइबर हमला।
2. इजरायली कंपनी द्वारा व्हाट्सएप पर जासूसी बग छोड़कर साइबर सेंधमारी करना।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

भारत द्वारा उठाए कदम

→ 1999 में UNO के द्वारा पारित प्रस्ताव जिसमें साइबर सुरक्षा को गंभीर विषय बताया था उसका समर्थन किया।

→ C-DAC के माध्यम से कम्प्यूटर पर रिसर्च एवं डेवलपमेंट पर जोर दिया है।

→ Multi Agency Coordination Center बनाया है।

→ Emergency Responce Center बनाया है जिसमे ERTT की टीमे बनाई है।

→ Cyber Coordination Center, Ministry of Home Affairs मे बनाया है।

→ CBI को Cyber अपराधों से जुड़े मामलो मे अन्तर्राष्ट्रीय नोडल एजेंसी के तौर पर प्राधिकृत किया है।

→ National Information Centre द्वारा सभी सरकारि साइट्स की Cyber Audit की जाती है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

→ पुलिस बलों को प्रशिक्षण देकर जनजागरूकता बढ़ाई जा रही है

→ IT-Act 2000 व 2008 में प्रभावी संशोधनों द्वारा अपराधियों को कड़ी सजा के प्रावधान

→ Cyber Defence Center, Ministry of Defence ने बनाया है जो cyber से जुड़े रक्षा मामलों को देखता है

→ केरल पुलिस ने cyber डोम प्रोजेक्ट


→ UP Police व Maharashtra Police ने ट्रैफिकिंग व साइबर अपराधों हेतु इन्टरपोल से सॉफ्टवेयर आदि जोड़े हैं

साइबर स्पेस में डिजिटल अवसंरचना का मजबूत होना आवश्यक है जिससे होने वाले आर्थिक लेनदेन यथा बैंकिंग आदि सुरक्षित रहे व जनविश्वसनीयता बढ़े।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

13. Identify the various issues related to Indo-Bangladesh border and challenges faced in managing this border. What measures has the government taken in this regard? **(250 words) 15**

4000 km से अधिक ~~सीमा~~ लम्बाई वाली भारत - बांग्लादेश सीमा की सुरक्षा सीमा सुरक्षा बल (BSF) तथा B'Desh की तरफ से बॉर्डर मिल्योटेरी गार्ड द्वारा की जाती है




<u>सीमा प्रबंधन मे मुद्दे</u>

1. सीमाओ की निश्चित पहचान व उनका सीमांकन (लगभग समाप्त)
2. इनलैंड एरियाज़ का दूसरे देश के भीतर होना। (समझौता हुआ; 100 वां संवि. संशो.)

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. गंगा नदी के ~~ब्रह्मपुत्र~~ व तीस्ता नदी के क्षेत्र मे जलीय सीमा ।

4. अवैध आप्रवासन

5. बच्चियो की तस्करी

6. मादक पदार्थो तथा मछलियो की तस्करी

7. भारत से यूरिया आदि की तस्करी

8. सुन्दरबन डेल्टा जैसे दुर्गम भौगोलिक क्षेत्र होना

9. वन्य जीवो का आना जाना व इनकी तस्करी ।

उपाय

1. व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत

2. सुरक्षा जवानो को विशेष हथियार, नाइट विजन उपकरण, विशेष पेट्रोलिंग वाहन, राडार, सोनार जैसे उपकरणो से सुसज्जित किया है

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. बांग्लादेश सरकार तथा सेना से विशेष सुरक्षा समझौते किए।
4. Joint Patrolling सुनिश्चित की गई।
5. विशेष क्षेत्रों में बाड़बंदी की है ताकि तस्करी ना हो।
6. खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान हो, इसे सुनिश्चित किया है
7. आसूचना तंत्र मजबूत बनाया है
8. ड्रोन तथा जलीय सुरक्षा को मजबूत बनाया

शांत सीमायें ही राष्ट्र की आर्थिक उन्नति का साधन है, अशांत सीमाये राष्ट्र के विखंडन व असंतोष का कारण बनती है

14. In context of challenges faced by India due to terrorism, it is important to identify and address terror-organized crime nexus and it's financing through drug trafficking. Discuss. **(250 words) 15**

वर्तमान मे आतंकवाद ने वित्त की आवश्यकताओ की पूर्ति तथा युवाओ को साथ जोड़ने हेतु नार्को टेररिज्म जैसी कुख्यात गतिविधियो को अपनाया है।

Ex. जम्मू कश्मीर मे NIA द्वारा नार्को-टेरर ग्रुप का खुलासा किया है, जिसके द्वारा पंजाब, जम्मू कश्मीर, मुम्बई, इन्दौर, अहमदाबाद तथा बेंगलुरु जैसे शहर तक इनके कनेक्शन पाए गए।

चिन्ताए
- ↑ आतंकी गतिविधियो का वित्तपोषण होना
- → सामाजिक समस्या के रूप मे नशे का होना।
- ← कानून-व्यवस्था तथा आर्थिक व्यवस्था को चुनौती
- ↓ युवाओ का भविष्य बर्बाद होना।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

सरकार द्वारा कदम उठाए गए है जैसे -

1. नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) की स्थापना।
2. नार्कोटिक्स एक्ट, की ~~स्थापना~~ 2006
3. मनी लॉन्ड्रिंग की गतिविधियो पर नजर रखने हेतु Task force का 2017 मे गठन।
4. Financial intelligence unit का गठन।
5. Enforcement Directorate का गठन
6. FEMA अधिनियम को लागू करना
7. ऐसी गतिविधियों मे संलिप्त लोगो के पुनर्वास हेतु सेण्डर पॉलिसी तथा उनका उचित इलाज कराना।
8. विदेशी मंचो जैसे FATF, G-20 United Nation आदि पर सक्रियता से ऐसे विषयो को उठाना व आरोपी राष्ट्रों पर कार्यवाही करना

9. विदेशी राष्ट्रों से समन्वय करना
10. गोल्डन ट्राइएंगल व गोल्डन क्रिसेंट के विभिन्न स्रोतों पर नजर रखना

आतंकवाद के दौर से भारत पिछले तीन दशक से जूझ रहा है। नए रूप में आए इस आतंकवाद ने नई चुनौती तो पेश की है मगर मजबूत सामाजिक रिश्ते तथा सरकारी सुरक्षा बलों की सक्रियता से निश्चित ही इस चुनौती का अंत किया जा सकेगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

15. What are the social, economic and political costs of money laundering? Highlighting the necessity of trans-national cooperation for its prevention, enumerate various initiatives taken by the international community.
(250 words) 15

मनी लॉन्ड्रिंग / धन शोधन : वो प्रक्रिया जिससे ब्लैक मनी को व्हाइट मनी अथवा अवैध धन को वैध धन मे बदला जाए।

| सामाजिक मूल्य | आर्थिक मूल्य | राजनीतिक मूल्य/लागत |
| --- | --- | --- |
| 1. सामाजिक मूल्यो मे गिरावट | 1. आय मे असमानता | 1. भ्रष्टाचार आदि को बढ़ावा |
| 2. सामाजिक द्वन्द का बढ़ना | 2. राजस्व मे कमी | 2. कुशासन |
| 3. सामाजिक अपराधो मे वृद्धि | 3. विकास कार्यो हेतु धनाभाव | 3. राजनीतिक अपराधीकरण |
| 4. अपवचंन की भावना से असंतोष तथा अलगाव की भावना | 4. समावेशी विकास मे कमी का अभाव | 4. जनविश्वसनीयता |
| | 5. तरलता बढ़ेगी व मंहगाई बढ़ेगी | 5. लोकतंत्र मे अविश्वास |

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

मनी लॉन्ड्रिंग मे अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता :

* चूंकि यह प्रक्रिया अन्तर्राष्ट्रीय मंचो तथा इससे देशो की कानून व्यवस्था का लाभ उठाकर की जाती है अत: इसकी ~~आवश्~~ अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग जरुरी है

* टैक्स हैवन कन्ट्रीज जैसे - स्विट्जरलैण्ड, पनामा, मॉरीशस आदि देशो मे आर्थिक संसाधनो का महत्वपूर्ण स्रोत है

* मनी लॉन्ड्रिंग सभी आर्थिक अपराधो की जननी है अत: इसे रोकना सम्पूर्ण मानवता के लिए आवश्यक है।

* पर्यावरण को बचाने हेतु भी मनी लॉन्ड्रिंग रोकना जरुरी है क्योकि wild life trafficking का कारोबार भी इसी से संचालित होता है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

अन्तर्राष्ट्रीय पहल:

1. Financial Action Task force (FATF) की स्थापना।
2. World Bank द्वारा ऋण उपलब्ध कराने से पूर्व National Trust list बनाना
3. World Bank द्वारा द्विपक्षीय व बहुपक्षीय समझौते कई राष्ट्रों के मध्य कराए।
4. संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2015 में सतत विकास सम्मेलन में इसे गंभीर चुनौती बताया थे
5. डबल टैक्स एवोइडेन्स एग्रीमेन्ट करना। (DTAA)
6. वैश्विक नियमो मे बदलाव हेतु World Economic forum द्वारा Report जारी करना।

मनी लॉन्ड्रिंग को आर्थिक अपराधो की माँ कहा जाता है जो सरकारे तथा वित्तीय प्रशासन मे जनता की विश्वसनीयता कम कर अपराधो को उत्पन्न करती है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

16. Despite its obvious advantages, doubts have been raised regarding the ability of Comprehensive Integrated Border Management System (CIBMS) to secure India's key borders. Discuss. (250 words) 15

व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली (CIBSM) : सीमा प्रबंधन मे जलीय, वायु, स्थलीय, भूमिगत आदि पक्षों को एकीकृत रूप से सुरक्षित करना।

विशेषताएँ

↳ आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित
  ↳ Alarm system
  ↳ Radar, Sonar system
  ↳ Lighting, camera
  ↳ Anti Mining ~~Ant~~
  ↳ Nigh vision. equipped

↳ सुरक्षा बलों को सहूलियत मिलना

↳ स्थलीय, जलीय दोनो प्रकार के सुरक्षा

↳ वनो तथा दुर्गम घाटियों मे भी अवैध गतिविधियों का पता लगाना

↳ एकीकृत कमाण्ड सेन्टर से इनका पता चलना / संचालन

↳ क्रीक क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्र आदि मे उपयोगी

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

चुनौतियाँ

↳ अत्यधिक खर्चीली
1 km सीमा हेतु 10 करोड़ ₹ का खर्च

↳ अधिकांश उपकरणों का आयात; जो कि आत्मनिर्भर भारत के विरुद्ध है

↳ कठिन दुर्गम क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता को लेकर संदेह है।

↳ ड्रोन्स तथा प्रभावी मानव सुरक्षा संसाधनों का अभाव

↳ मानवीय हस्तक्षेप की तो अनिवार्यता रहेगी।

समाधान

↳ विभिन्न चरणों में इसका निर्माण किया जा रहा है। अभी तक दो चरणों में 160 km सीमा को CIBMS से जोड़ा जा चुका है

↳ अधिकांश उपकरणों को स्थानीय उत्पादों से जोड़ने हेतु रक्षा क्षेत्र में 100% FDI की अनुमति दी है जिससे अधिकतम

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

उपकरण भारत में ही बनाए जा सकेंगे तथा निर्यात भी किए जा सकेंगे।

↳ प्रायोगिक तौर पर CIBMS सफल हुआ है। इन्हे अब सैटेलाइट से भी जोड़े जाने की योजना पर कार्य चल रहा है

↳ विशेष रूप से प्रशिक्षण प्राप्त सुरक्षा बलों के जवानों को नियुक्त किया जाएगा तथा इन्हे C-DAC तथा विदेशी एजेंसियों से प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है

भारत जैसे देश की सीमाये ऐतिहासिक रूप से ही सुभेद्य रही है विशेषकर अन्तर-पारगमन की। पड़ोसी देशो से संबंधो में अस्थिरता को ध्यान मे रखते हुए CIBMS मजबूत सुरक्षा तंत्र को आधार प्रदान करेगा।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

17. Why is radicalisation seen as a significant security challenge for India? Suggest ways to tackle it. (250 words) 15

कट्टरपंथीकरण : प्रसिद्ध समाजशास्त्री राबर्ट के मार्टिन द्वारा प्रस्तुत सिद्धान्त कि सापेक्षिक वंचन की भावना असंतोष तथा अलगाव को जन्म देती है।

जब यही अलगाव किसी धर्म अथवा क्षेत्र की ओट लेकर हिंसक गतिविधियों पर उतर आए तो उसे कट्टरपंथी ग्रुप मे रखा जाता है

ISIS (Islamic State for Irak and Syria) जैसे आतंकी समूहों ने इस्लाम के नाम पर विश्व भर के मुस्लिमों को ईसाइयों अथवा काफिरों के विरुद्ध भड़काया है

भारत के कुछ क्षेत्र केरल, कर्नाटक हैदराबाद, उत्तर प्रदेश तथा जम्मू कश्मीर के कुछ युवाओं को इन विचारधारा ने अपनी पकड़ मे लिया है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

भारत में एक चुनौती

↳ NIA द्वारा की गई जाँच में 100 से अधिक भारतीय ISIS की ओर से लड़ने के लिए जा चुके हैं।

↳ ISIS के द्वारा भारत को अगले केन्द्र के तौर पर घोषित करना; विशेषकर जम्मू कश्मीर को लेकर।

↳ ~~भारतीय~~ भारत में कार्यरत अलगाववादी समूह तथा आतंकी समूहों के संपर्क में ISIS का आना।

↳ सांप्रदायिक तनाव में वृद्धि होना।

↳ सोशल मीडिया तथा इन्टरनेट का इस्तेमाल कर युवाओं को भ्रमित करना

↳ स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीयकरण करना।

↳ राजनीतिक दलों का साम्प्रदायीकरण।

↳ सभी धर्मों के द्वारा ऐसे समूहों का निर्माण जैसे - हिन्दूओं में बजरंग दल
मुस्लिमों - PFI
Popular Front of India

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

समाधान व उपाय

↳ धार्मिक नेताओ द्वारा ऐसी विचारो के विरुद्ध आवाज उठाना व समाज मे जागृति फैलाना

↳ ऐसे विभेदनकारी कंटेट को प्रतिबंधित करना व निगरानी तंत्र स्थापित करना

↳ अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग द्वारा विशेष रूप से ऐसे समूहो के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करना।

↳ सामाजिक समरस माहौल ठीक हो इस हेतु शिक्षा सुधार, सांस्कृतिक एकता व देशभक्ति की भावना का विकास।

↳ समावेशी विकास सुनिश्चित करना

कट्टरपंथीकरण समाज मे विभेदन पैदा करके सामाजिक तनाव पैदा करता है जो विकास मे बाधा पैदा करता है अतः इसे रोकना आवश्यक है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

18. Identify the opportunities and challenges that social media presents to the law enforcement agencies in India to counter national security threats. What steps have been taken to address the challenges? (250 words) 15

सोशल मीडिया : सोशल मीडिया एक इन्टरनेट से जुड़े हुए प्लेटफॉर्म्स है जहाँ एक व्यक्ति दुनिया के किसी भी कोने मे अन्य व्यक्ति से संवाद, पिक्चर भेजना, वीडियो कॉलिंग आदि कर सकता है।

Ex. फेसबुक, व्हाट्सएप, इन्स्टाग्राम, ट्विटर टेलीग्राम etc.

कानूनी एजेंसियों को प्राप्त अवसर

- ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर निगरानी तंत्र स्थापित कर सकते है
- ऐसे साइट्स से डाटा जमा कर सकते।
- सुरक्षा संबंधी संदेश प्रसारण मे आसानी
- राष्ट्रीय भावना को विकसित करने मे
  ex. Videos जो कि सेना या राष्ट्रीय सेवा से जुड़ा हो
- राष्ट्रीय जुड़ाव विकसित करने मे संपर्क साधन के रूप मे

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**चुनौतियाँ**

↳ भ्रामक जानकारियाँ (fake News)

↳ तोड़ मरोड़कर, स्वरूप बदलकर जैसे डीप फेकिंग आदि से दुष्प्रभाव

↳ कंटेट का कोई मालिक न होने से स्रोत को पहचानना मुश्किल

↳ बढ़ता कट्टरपंथीकरण

↳ क्षेत्रीय भावनाओं को पनपाने में मददगार

↳ प्राइवेसी को भंग करना

↳ साइबर अपराध की बढ़ोत्तरी

↳ महिला से जुड़े अपराध ब्लैकमेलिंग आदि

↳ आतंकियों का महिमामण्डन

↳ दुश्मन राष्ट्रों के दुष्प्रचार का शिकार होना

↳ उचित डिजिटल शिक्षा का अभाव होना

**कदम उठाए गए**

↳ कानूनी प्रावधान

↳ I T Act, 2000 द्वारा

ऐसे विषयों को प्रतिबंधित किया है।

↳ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील विषयों पर सुरक्षा एजेंसियों का गठन

जैसे - नेटग्रिड (NATGRID)

- Cyber Coordination Center

↳ डिजीटल शिक्षा हेतु विशेष अभियान

E- Learning Portal

- DIKSHA कार्यक्रम

↳ विशेष परिस्थितियों मे प्रतिबंधात्मक अधिकार।

सोशल मीडिया ऐसी दोधारी तलवार है जो समाज मे एकता का भाव पैदा कर सकती है तो समाज के लिए संकट भी। अतः इसके दुरुपयोग पर रोक लगाकर इसे विनियमित करने की आवश्यकता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

19. It is widely recognised that India's Central Armed Police Forces (CAPF) are in urgent need of overhaul. Discuss in the context of issues associated with personnel, infrastructure and service conditions of these forces.
**(250 words) 15**

भारत में CAPF Central Armed Police Force

गृहमंत्रालय

→ BSF → सीमा सुरक्षा (पाकिस्तान व बांग्लादेश)
→ SSB → नेपाल भूटान सीमा सुरक्षा।
→ ITBP → चीन सीमा सुरक्षा।
→ असम राइफल्स → म्यांमार व उत्तर पूर्वी भारत में सुरक्षा
→ Indian Cost Guard → तटीय सीमा सुरक्षा

→ CRPF → आंतरिक सुरक्षा
→ CISF → औद्योगिक सुरक्षा

**परिवर्तन की आवश्यकता**

कार्मिक, अवसंरचना, सेवा-शर्तें
↳ असम राइफल्स व ITBP मे अधिकारियों का कैडर सेना से आता है, जिससे वियागो (रक्षा व गृह)

का समन्वय उचित तरीके से सभंव नही हो पाता।

↳ बटालियन की संख्या मे वृद्धि होने पर भी संसाधनो मे वृद्धि नही हो पाई है

↳ रिटायर्ड होने पर सेना की तरह सुविधा तथा पोस्ट रिटायरमेंट जॉब का अभाव

↳ शहीद स्टेटस मे सेना की समतुल्य न होना।

↳ कार्य मे अवकाश के बजाय निरंतर तैनाती।

↳ क्षेत्र विशेष के बजाय निरंतर बदलाव करते रहना।

↳ तनाव प्रबंधन की कमी जिससे सुसाइड आदि प्रवृत्ति का बढ़ना

↳ One Rank One Pension का लाभ नही मिलना

↳ सैनिक कल्याण बोर्ड की तरह कोई बोर्ड/आयोग न होना

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

सुधार

↳ विशेष CAPF विभाग की स्थापना
↳ Armed Para Forces का Rationalisation करना
↳ वजटीय संरचना मे सुधार करना
↳ अवकाश आदि की व्यवस्था मे सुधार
↳ खाने-पीने की सुविधा मे बढ़ोतरी
↳ शिकायत मंच for जवान बनाना
↳ पोस्ट रिटायरमेंट जॉब की व्यवस्था
↳ स्किल्स को बढ़ावा देना
↳ योग, खेल आदि को बढ़ावा देकर तनाव प्रबंधन करना
↳ मंत्रालयों मे समन्वय स्थापित करना

CAPFs ने निरंतर राष्ट्रीय सुरक्षा मे प्राणोत्सर्ग किया है; इनकी समस्याओं का समाधान करने से निश्चित ही ये इतने जोश से कार्य करेंगे व इनकी कार्यक्षमता मे वृद्धि होगी।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

20. The ongoing Covid-19 pandemic has expanded and rearranged the concept of national security, making it more inclusive, and foregrounded human security in a more holistic manner. Comment. (250 words) 15

हालिया कोविड-19 ने पूरी दुनिया को एक बन्द दुनिया बनाकर रख दिया। इसे एक दृष्टिकोण से Bio-Terrosis (जैव आतंकवाद) के तौर पर भी देखा जा रहा है

नवीन राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता

↳ सुरक्षा सिर्फ मिसाइल व टैंकों से न होकर अब वायरस और जैविक हथियारों से भी करने की आवश्यकता है

↳ कोविड से उत्पन्न आर्थिक तनाव ने मानव जीवन के न्यू बिहेवियर को प्रकट किया है

↳ सूचनाओं को पारदर्शी तरीके से प्रकट न होने पर चीन जैसे देशों पर अमेरिका, आस्ट्रेलिया, EU आदि ने आरोप लगाए है

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

↳ WHO जैसे वैश्विक संगठनो की भूमिका भी संदिग्ध रूप मे है।

↳ इटली जैसे मजबूत ~~सुरक्षा~~ स्वास्थ्य तंत्र वाले देश मे भी हजारो लोगो को मरने के लिए मजबूर होना।

↳ बड़े-बड़े हथियारो से लैस अमेरिका, भी COVID का सबसे पीड़ित देश बना जहां 2 लाख से ज्यादा लोगो की मौत हुई।

**उपाय / सुझाव**

↳ पर्यावरणीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समावेशी विकास सुनिश्चित करना

↳ सूचनाओ का सही व पारदर्शी रूप मे प्रकट करना

↳ वैश्विक संगठनो को कारगर तथा कार्यकुशल बनाना

↳ स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाना
↳ गरीबी तथा कुपोषण ~~जैसी~~ को दूर करना
↳ एक दूसरे के प्रति सहिष्णुता के विचारों को पोषित करना
↳ खाद्य सुरक्षा, रोजगार, प्रवासन जैसे मुद्दों का समाधान निकालना।

COVID-19 ने एक नया नजरिया विकसित करने की प्रेरणा दी है जिसमे समावेशी विकास तथा समरसता का भाव निहित है, अतः अन्तराष्ट्रीय समुदाय को नीतियाँ बनाने मे व्यक्तिवाद के बजाय सर्ववाद तथा प्रकृतिवाद को केन्द्र मे रखने की आवश्यकता है।